समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# बैकिंग सेक्टर मे नौकरी का सुनहरा मौका, साउथ इंडियन बैकं मे निकली भर्ती; ग्रेजुएट्स करे आवेदन।

Publisher
Published on 16 May 2025




## साउथ इंडियन बैकं मे जूनियर ऑफिसर और बिजनेस प्रमोशन ऑफिसर पदों पर भर्ती शुरू, 26 मई तक करे आवेदन। ग्रेजुएट्स के लिए सुनहरा मौका।

साउथ इंडियन बैंक में भर्ती निकली है. जिनके लिए उम्मीदवार आधिकारिक साइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. इस अभियान के लिए आवेदन शुरू 19 मई से होंगे.

अगर आप बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाना चाहते हैं और एक अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, तो आपके लिए एक बेहतरीन खबर है. **साउथ इंडियन बैंक** ने **जूनियर ऑफिसर/बिजनेस प्रमोशन ऑफिसर** के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है. इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया **19 मई 2025** से शुरू होगी और **26 मई 2025** तक चलेगी.

जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए योग्यता रखते हैं, वे आवेदन शुरू होते ही बैंक की आधिकारिक वेबसाइट **southindianbank.com** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ध्यान रहे कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे.

भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन पास होना जरूरी है. इसके साथ ही **30 अप्रैल 2025** की स्थिति में अधिकतम उम्र 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. **एससी/एसटी** वर्ग के उम्मीदवारों को 3 साल की आयु छूट दी गई है.

**इतना देना होगा शुल्क**

एप्लीकेशन फीस की बात करें तो जनरल वर्ग के उम्मीदवारों को **500 रुपये** और **एससी**/**एसटी वर्ग** के अभ्यर्थियों को 200 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा करने होंगे. बिना फीस जमा किए गए आवेदन फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

**कैसे होगा चयन ?**

उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन टेस्ट और पर्सनल इंटरव्यू के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा. चयनित उम्मीदवारों को तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया जाएगा, जिसे बाद में प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है. चयनित उम्मीदवारों को सालाना 7.44 लाख रुपये का वेतन पैकेज दिया जाएगा.

**आवेदन कैसे करे ?**

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और “**Recruitment**” सेक्शन में जाकर भर्ती लिंक पर क्लिक करें. वहां रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरा करें, फिर आवश्यक जानकारी भरें, दस्तावेज़ अपलोड करें और निर्धारित आवेदन शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट करें. फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंटआउट अपने पास सेव रखें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.